# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक-कु0स07088/2022 दिनांक- 19.06.2022

## कार्यालय-ज्ञाप

विश्वविद्यालय के आदेश संख्या-कु0स06942/2022 दिनांक 14.06.2022 द्वारा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय एवं राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, वाराणसी के संयुक्त तत्त्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत **दिनांक 15.06.2022 से 21.06.2022 तक विश्वविद्यालय परिसर स्थित दीक्षान्त लान में प्रातःकाल 05:30 से 06:30 बजे तक योग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।** माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा **''मन की बात''** कार्यक्रम में **''बसुधैव कुटुम्बकम''** की भावना को मजबूती प्रदान करने वाला तथा पूरी मानवता को एकसाथ जोड़ने के एक सशक्त माध्यम के रूप में अष्टम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिनांक 21.06.2022 की थीम **''मानवता के लिए योग''** घोषित करते हुए स्वतन्त्रता की 75वीं वर्षगाँठ पर पूरे देश में मनाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव-2022 के अवसर पर देश के 25 करोड़ लोगों को योग से जोड़ने का संकल्प लिया गया है। उक्त के क्रम में अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन एवं श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश के पत्रांक संख्याः ई-3596/32-जी0एस0/2022-IV दिनांक 17 जून, 2022 द्वारा निर्देशित किया गया है कि दिनांक 21.06.2022 को विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बन्धित महाविद्यालयों में वृहत रूप में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाय। उक्त कार्यक्रम से सम्बन्धित फोटो एवं रिपोर्ट राजभवन की मेल आई.डी. (rajbhavanosde@gmail.com) पर दिनांक 21.06.2022 की सायं तक प्रेषित की जाय। **उपर्युक्त को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय के समस्त अध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र/छात्राओं एवं समस्त संविदाकर्मी (मैन पावर, सफाई कर्मी एवं सुरक्षाकर्मी जिसकी उस समय ड्यूटी न हो) स्वयं एवं अपने परिवार के साथ दिनांक 21 जून, 2022 को सुबह 6:30 से 08:00 बजे तक योग के लिए दीक्षान्त लान में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का कष्ट करें, जिससे शासन एवं राजभवन के निर्देशों का पालन किया जा सके। उक्त कार्यक्रम के समय अपनी उपस्थिति भी दर्ज करायें।**

इस पर आधिकारिक स्वीकृति प्राप्त है।

19.06.22
कुलसचिव
सं0सं0वि0वि0, वाराणसी

**प्रतिलिपि-** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. छात्रकल्याण संकायाध्यक्ष।
3. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
4. मुख्य प्रतिपालक/प्रतिपालक, समस्त छात्रावास।
5. जिलाधिकारी, वाराणसी।
6. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी।
7. पुस्तकाध्यक्ष।
8. विनयाधिकारी।
9. निदेशक, अनुसंधान/प्रकाशन।
10. प्राचार्य, राजकीय आयुर्वेद कालेज, वाराणसी।
11. परीक्षा नियंत्रक।
12. सिस्टम मैंनेजर को इस आशय से कि उक्त कार्यालय ज्ञाप विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
13. आशुलिपिक, कुलसचिव/ वित्त अधिकारी।
14. उपकुलसचिव (परीक्षा/शैक्षिक)
15. समस्त सहायक कुलसचिव।
16. प्रबन्धक/प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालयों को इस आशय से कि योग कार्यक्रम की फोटो एवं वीडियोग्राफी राजभवन की मेल आई.डी. (rajbhavanosde@gmail.com) पर अनिवार्य रूप से प्रेषित किया जाय।
17. समस्त अधीक्षक।
18. प्रेस व्यवस्थापक।
19. जनसम्पर्क अधिकारी।
20. सम्पत्ति प्रभारी को इस आशय से कि उपवेशन माईक, वीडियो कैमरा, उपस्थिति रजिस्टर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करायें।
21. उद्यान प्रभारी।
22. सुरक्षाधिकारी।
23. समस्त विभागानुभाग।
24. सम्बद्ध पत्रावली।

19.06.22
कुलसचिव
सं0सं0वि0वि0, वाराणसी